# किशोरी मिली, अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम ने बताया कि मल्हीपुर क्षेत्र निवासी किशोरी के अपहरण का आरोप कोतवाली भिनगा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनटिहवा के मजरा गड़रा निवासी युसुफ पर था। किशोरी की तलाश में मल्हीपुर पुलिस दबिश दे रही थी। सोमवार को गुप्त सूचना पर पुलिस ने आरोपी युसुफ को भंगहा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया, किशोरी उसके साथ थी। आरोपी को न्यायालय व किशोरी को वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया। (संवाद)